फर्द अहकाम

न्यायालय सहायक कलक्टर आमेर मु. जयपुर

उगराव बनाम ग्यारसीदेवी वगै०

...स संख्या : प्रा.पत्र 64/2023

...रा ...ख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही		विशेष विवरण
	25.07.2025	पत्रावली प्रस्तुत। उभयपक्ष अधिवक्तागण की बहस सुनी गई। प्रस्तुत तर्को एवं दस्तावेजो का अवलोकन किया गया। प्रार्थी ने जाहिर किया की सभी खातेदार अपने अपने हिस्से पर मनबंट के अनुसार काबिज काश्त होकर काश्त कर रहे है, प्रार्थीगण उक्त आराजीयात का सहखातेदार काश्तकार है, अप्रार्थीगण बिना विभाजन करवाये ही भूमि के विशिष्ट भूभाग पर निर्माण कार्य एवं विक्रय करने पर उतारू है, यदि ऐसा करते है तो प्रार्थीगण अपूरर्णीण क्षति होगी। अप्रार्थीगण अधिवक्ता ने आपत्ति की। बहस तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। चूकि बिना विभाजन के अप्रार्थीगण भूमि का बेचान अथवा निर्माण कार्य करते है तो प्रार्थीगण को अपूरणीय क्षति हो सकती है अतः प्रथम दृष्टया मामला, सुविधा का संतुलन, अपूरणीय क्षति प्रार्थीगण के पक्ष में प्रतीत होती है। अत: उभयपक्ष को जरिये अस्थाई निषेधाज्ञा से मूल वादी के निस्तारण तक पाबंद किया जाता है कि वे वाके ग्राम सिरसी पटवार हल्का राधाकिशनपुरा तहसील जालसू जयपुर के खसरा नम्बर 60, 61, 62, 63, 64, 65, 98 कुल किता 7 रकबा 9.64 में मौके की यथा स्थिति बनाये रखे तथा एकदुसरे की सीव डोल व बाउण्ड्री सीमा चिन्हो व रास्तो ... प्रकार की छेड छाड नहीं करे। पत्रावली फैसल ... होकर दाखिल दफ्तर हो।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Suman Choudhary

Date: 2025.07.31 14:02:49 IST

Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर

आमेर मु. जयपुर